मुझे दुनिया की परवाह नहीं | by Shivam Sukhija

मुझे दुनिया की परवाह नहीं
मेरा सांवरिया से नाता है
मेरा सांवरिया से नाता है
दुनिया तो सारी मतलब की
यहाँ कौन किसी का होता है
मुझे दुनिया की ....

अब श्याम सहारा तेरा है
तेरे दर से गुज़ारा मेरा है
तू तो मेरा है, हाय तू तो मेरा है
अब जीवन के हर सुख दु:ख में
मेरे काम श्याम ही आता है
मुझे दुनिया की ....

दर दर पे भटकना छोड़ दिया
झूठी दुनिया से मुख को मोड़ लिया
अब छोड़ दिया हो मुख मोड़ लिया

फीके दुनिया के रंग सभी
मने श्याम रंग ही भाता है
मुझे दुनिया की ....

अब चिंता नहीं कुछ करने की
ना जीने की ना मरने की
ना मरने की ना कुछ करने की
करता तो सब है सांवरिया
बस नाम मेरा हो जाता है
मुझे दुनिया की ....

क्या कमी है अब तुम साथ मेरे
किसी और की क्या दरकार मुझे
हाय अब साथ मेरे, तुम साथ मेरे
तेरी रेहमत से जिन्नी तेरा
अब जग में मौज्ज उड़ाता है
मुझे दुनिया की ....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a5%81%e0%a4%9d%e0%a5%87-%e0%a4%a6%e0%a5%81%e0%a4%a8%e0%a4%bf%e0%a4%af%e0%a4%be-%e0%a4%95%e0%a5%80-%e0%a4%aa%e0%a4%b0%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%b9-%e0%a4%a8%e0%a4%b9%e0%a5%80%e0%a4%82-by-s/